प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

29 जनवरी 2025

विनियामक सैंडबॉक्स: 'खुदरा भुगतान' विषय के लिए ऑन टैप आवेदन – परीक्षण चरण का समापन

विनियामक सैंडबॉक्स (आरएस) के 'खुदरा भुगतान' विषय के लिए 'ऑन टैप' आवेदन सुविधा के अंतर्गत, एक्सटो इंडिया टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड को परीक्षण चरण के लिए चुना गया था।

2. संस्था ने एक ऑफलाइन डिजिटल भुगतान उत्पाद का परीक्षण किया, जिसका मूल्यांकन पारस्परिक रूप से सहमत परिदृश्यों और अपेक्षित परिणामों के आधार पर किया गया।

सैंडबॉक्स संस्था	उत्पाद विवरण
एक्स्टो इंडिया टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड (भागीदार वित्तीय संस्थान: ट्रांसकॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड, कॉमन सर्विसेज़ सेंटर, वाईपे कार्ड (बिटूडल ऑनलाइन सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड))	यह उत्पाद एक ऑफ़लाइन डिजिटल भुगतान समाधान है जो ऑफ़लाइन कार्ड-टू-कार्ड और कार्ड-टू-फ़ोन लेनदेन को सक्षम करने के लिए निजी बायोमेट्रिक प्राधिकरण के साथ संयोजन में डिस्ट्रिब्यूटेड लेजर प्रौद्योगिकी (डीएलटी) का उपयोग करता है। यह नवाचार डिस्ट्रिब्यूटेड लेजर की क्रिप्टोग्राफी, ऑन-कार्ड बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और दोहरे खर्च से बचने के लिए समय-सीमित शेष राशि के उपयोग से संबंधित है।

3. उक्त संस्था के उत्पाद को आरएस के अंतर्गत स्वीकार्य पाया गया है और इसे लागू विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन के अधीन विनियमित संस्थाओं द्वारा अपनाने पर विचार किया जा सकता है।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2031